बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

डब्लू.पी.(सी.) संख्या–1052/2021, सुनील कुमार राय एवं अन्य बनाम बिहार सरकार एवं अन्य में दिनांक–21.02.2022 को माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा पारित न्यायादेश एवं तदालोक में सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार द्वारा बिहार राज्य के लोहार जाति, जिसे सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार के परिपत्र संख्या–10818 दिनांक–08.08.2016 द्वारा अनुसूचित जनजाति (ST) कोटि में अधिसूचित किया गया था, को अपने पत्रांक–6026 दिनांक–19.04.2022 द्वारा निरस्त कर दिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार के उक्त पत्र द्वारा बिहार राज्य के लोहार जाति को पुनः अत्यंत पिछड़ा वर्ग (EBC) कोटि–04 के अंतर्गत पूर्ववत् अधिसूचित रखा गया है।

तदालोक में विज्ञापन संख्या–67/2020, पंचायती राज विभाग, बिहार के अन्तर्गत अंकेक्षक (बिहार पंचायत अंकेक्षण सेवा) के लिए दिनांक–24.01.2022 को प्रकाशित प्रारंभिक परीक्षाफल की नये सिरे से समीक्षा के आलोक में उक्त विज्ञापन की प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा हेतु दिनांक–18.08.2022 को आयोग द्वारा संशोधित परीक्षाफल प्रकाशित किया गया है। प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा के अतिरिक्ति परीक्षाफल के प्रकाशन के बाद मुख्य परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन भरने से संबंधित तिथि निम्नवत् हैः–

क्र.सं.	ऑनलाईन आवेदन संबंधी प्रक्रिया	तिथि
1.	ऑनलाईन आवेदन प्रारम्भ करने की तिथि	दिनांक–30.08.2022
2.	ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि	दिनांक–15.09.2022
3.	आयोग कार्यालय में स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक से आवेदन की हार्ड कॉपी एवं सभी कागजात/प्रमाण पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि	दिनांक–21.09.2022 के अपराह्न 5:00 बजे तक

नोटः– उक्त विज्ञापन के जो उम्मीदवार पूर्व की सूचना के आलोक में मुख्य परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन कर चुके हैं, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। यदि कोई अभ्यर्थी अपने आवेदन की हार्ड कॉपी निर्धारित समय में आयोग कार्यालय को नहीं भेज सके हैं, तो वे अपने मुख्य परीक्षा हेतु भरे ऑनलाईन आवेदन की हार्ड कॉपी भी निर्धारित समय में आयोग कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करेंगे।

26.8.22

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना।